समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# गिरावट पर ब्रेक : सेसेंक्स 160 अंक चढ़ा, लेकिन आदित्य बिड़ला फैशन के शेयरों मे 8% की बड़ी गिरावट।

Publisher

Published on 04 Jun 2025



## वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच सेसेंक्स मे तेजी, लेकिन आदित्य बिड़ला फैशन के निवेशकों को बड़ा नुकसान, शेयर 8% तक लुढ़के।

**मुंबई :** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार की बड़ी गिरावट के बाद बुधवार को कुछ राहत देखने को मिली। **बीएसई सेसेंक्स आज 160 अंकों** की बढ़त के साथ ग्रीन जोन में खुला, वहीं **निफ्टी 24,550** के ऊपर कारोबार करता दिखा। हालांकि, **आदित्य बिड़ला फैशन (Aditya Birla Fashion)** के निवेशकों को तगड़ा झटका लगा, क्योंकि कंपनी के शेयरों में 8 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई।

**मंगलवार को आई थी बड़ी गिरावट**

मंगलवार को विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली और **वैश्विक अनिश्चितता** के कारण बाजार में हाहाकार मच गया था। **सेसेंक्स 636 अंक** लुढ़ककर **81,000** के स्तर तक आ गया, जबकि **निफ्टी 174.10** अंकों की गिरावट के साथ 24,542.50 पर बंद हुआ। **ऊर्जा, वित्त और आईटी सेक्टर** में जोरदार बिकवाली देखने को मिली।

**वैश्विक बाजार से मिला सहारा**

**वॉल स्ट्रीट** से मिले पॉज़िटिव संकेतों का असर एशियाई बाजारों पर भी पड़ा है। **टेक सेक्टर** और **एनवीडिया** जैसी चिप निर्माता कंपनियों के शानदार प्रदर्शन के चलते अमेरिकी बाजार में डाउ जोन्स 200 अंक चढ़ा, वहीं **नैस्डैक** में भी एक प्रतिशत की तेजी आई। इसका सीधा असर भारतीय बाजार की ओपनिंग पर भी देखने को मिला।

**किन शेयरों पर रहेगी नजर**

आज कारोबार के दौरान जिन शेयरों पर खास नजर बनी रहेगी, उनमें **एबी फैशन, टाटा टेक, Indegene,** और **Alkem Laboratories** शामिल हैं। खासतौर पर एबी फैशन के शेयरों में भारी गिरावट के बाद निवेशकों की निगाहें इस पर टिकी रहेंगी।

**आज से आरबीआई की एमपीसी बैठक शुरू**

**भारतीय रिज़र्व बैंक** की **मौद्रिक नीति समिति (MPC)** की बैठक आज से शुरू हो गई है, जो 6 जून तक चलेगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस बार भी आरबीआई रेपो रेट में कटौती कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो लगातार तीसरी बार रेपो रेट में राहत मिलेगी। फिलहाल यह दर 6 प्रतिशत है, और इसमें 0.25% की कटौती से यह 5.75% हो सकती है। इससे आम लोगों की होम लोन और **ऑटो लोन की EMI** में राहत मिल सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.